प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
24.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

'' मुख्य समाचार''

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा– हिमाचल में आपदा प्रभावितों को राहत व पुनर्वास कार्यों में नहीं होगी धन की कमी।
- प्रदेश में बादल फटने की घटनाओं के अध्ययन के लिए गठित केंद्रीय टीम ने शिमला में राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ किया मंथन।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा– सरकार नशा निवारण के प्रति दिखाए और अधिक गंभीरता।
- मंडी ज़िला के सरकाघाट उपमंडल के तारंगल में राज्य पथ परिवहन निगम की बस दुर्घटना में 8 की मौत, 21 घायल।
- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा– मंडी–पंडोह फोरलेन सड़क का काम इसी वर्ष 15 अगस्त तक होगा पूरा।

अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि केंद्र की एनडीए सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हिमाचल की आपदा के समय भरपूर आर्थिक मदद की है और भविष्य में भी राहत व पुनर्वास कार्यों में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। अमित शाह ने कहा कि वे स्वयं हिमाचल आकर प्राकृतिक त्रासदी का जायज़ा लेंगे। अमित शाह आज दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में उनसे मिलने आए प्रदेश भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल को संबोधित कर रहे थे। इस प्रतिनिधिमंडल में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, सांसद अनुराग ठाकुर, सुरेश कश्यप, राजीव भारद्वाज, कंगना रणौत, डॉक्टर सिकंदर कुमार, हर्ष महाजन, इंदू गोस्वामी और विधायक डॉक्टर हंसराज, विनोद कुमार और दीपराज शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय गृह मंत्री को प्रदेश में आई त्रासदी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने इससे पूर्व केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भी मुलाकात की और आपदा के बारे में बताया। गडकरी ने प्रतिनिधिमंडल को राष्ट्रीय राजमार्गों के रख–रखाव और पुनर्निर्माण के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

नड्डा

इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उनके एक आग्रह पर 20 दिन के भीतर ही प्रदेश में आपदा से हुए नुकसान के आकलन के लिए अंतर मंत्रालयी केंद्रीय टीम हिमाचल भेजी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार बिना किसी भेदभाव के आपदा की इस घड़ी में प्रदेश के साथ खड़ी है। दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि आपदा प्रभावितों को राहत पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे काम धीमे और नाकाफी हैं। उन्होंने दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए आरोप लगाया कि केंद्र से मिला पैसा हिमाचल में पात्र प्रभावितों तक नहीं पहुंच रहा है।

केंद्रीय टीम

प्रदेश में बादल फटने की घटनाओं के अध्ययन के लिए गठित विशेषज्ञों की केंद्रीय टीम ने आज शिमला में मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना और अन्य अधिकारियों के साथ एक बैठक की। मुख्य सचिव ने इस मौके पर कहा कि हाल ही के वर्षों में प्रदेश में बार–बार प्राकृतिक आपदाएं आ रही हैं और इनकी तीव्रता व प्रभाव में भी वृद्धि हुई है। बैठक की जानकारी देते हुए विशेष सचिव व निदेशक आपदा प्रबंधन प्राधिकरण डी.सी.राणा ने कहा कि इस तरह का अध्ययन संभवतः पहली बार हो रहा है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय टीम वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने और इनका विश्लेषण करने के बाद बादल फटने के कारणों का पता लगाएगी। डी.सी.राणा ने कहा कि प्रदेश में मॉनसून से जुड़ी घटनाओं में अभी तक 12 सौ करोड़ रूपये से अधिक का नुकसान हो चुका है। इन घटनाओं में एक सौ 37 लोगों की जान चली गई है, जबकि 34 अभी भी लापता हैं।

कुलदीप सिंह

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि शिक्षा में गुणवत्ता सुधार राज्य सरकार की मुख्य्य प्राथमिकता है। चंबा ज़िला के भटियात विधानसभा क्षेत्र के बगढार में एक निजी संस्थान द्वारा आरंभ की गई छात्रवृति योजना के शुभारंभ के मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार शिक्षा में गुणात्मक सुधार और ढांचागत विकास के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय प्रयासों के चलते आज देशभर में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश में नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ी हैं, लेकिन सरकार को इसके प्रति और गंभीरता दिखानी होगी। राज्यपाल ने आज राजभवन शिमला में पत्रकारों से संवाद के दौरान कहा कि यदि सरकार अब भी नहीं जागी, तो उड़ता पंजाब की तर्ज पर हिमाचल को उड़ता हिमाचल बनने में देर नहीं लगेगी। उन्होंने इस बात पर दुख जताया कि प्रदेश सरकार राज्य में एक भी नया नशा निवारण केंद्र नहीं खोल पाई है और वर्षों से अभी भी जगह की तलाश में है। राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने सरकार को पत्र लिखकर जल्द नशा निवारण केंद्र खोलने की मांग की है।

*प्रदेश की सरकार को निश्चित रूप से आगे बढ़कर के रिहैब सेंटर खोलना चाहिए था, लेकिन जिसका भी बयान आता है, वह यही आता है कि सिरमौर जिले में हम जमीन देख रहे हैं, हिमाचल प्रदेश में नशा बढ़ता जा रहा है, हम अगर आज नहीं करेंगे तो आज के पांच साल के बाद हमें जैसे उड़ता पंजाब हुआ था वैसे उड़ता हिमाचल हो जाएगा.*

राज्यपाल ने प्रदेश में आपदा से निपटने के लिए केंद्रीय मदद और पुनर्वास के मुद्दे पर कहा कि केंद्र के समक्ष प्रदेश की मांग उठाना मुख्यमंत्री की जिम्मेवारी है, न कि नेता प्रतिपक्ष की। राज्यपाल ने कहा कि जब मुख्यमंत्री केंद्रीय गृह मंत्री से मिलने गए थे, तो जयराम ठाकुर को भी साथ लेकर जाते। –बाईट–राज्यपाल–

*मैं मुख्यमंत्री जी के इस बात से सहमत नहीं हूं कि जयराम जी अगर भारतीय जनता पार्टी के हैं और केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है तो मुख्यमंत्री जी यह कहे कि जयराम जी केंद्र सरकार से जाकर के बात करें मुख्यमंत्री जी जब स्वयं गृह मंत्री से मिलने गए थे तो क्यों नहीं जयराम ठाकुर को लेकर के गए। वो तो मुख्यमंत्री हैं वो लेकर के गए होते जयराम ठाकुर को जयराम ठाकुर वहां ना कहते तो बात करते देखिए ये बात नहीं है सरकार किसी की भी हो चाहे पक्ष की हो चाहे विपक्ष की हो दोनों सरकारों को मिलकर के काम करना होता। ये काम मुख्यमंत्री कहा जा रहा है ठाकुर का नहीं है और इस नाते यह बात नहीं कहनी चाहिए।*

दुर्घटना

मंडी ज़िला के सरकाघाट उपमंडल के मसेरन के पास तारंगल में आज सुबह राज्य पथ परिवहन निगम की एक बस के गहरी खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 8 लोगों की मौत हो गई और 21 लोग घायल हो गए। मृतकों में 4 महिलाएं और 4 पुरूष शामिल हैं। बस में कुल 29 लोग सवार थे। ये बस सरकाघाट से दुर्गापुर जा रही थी। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों और पुलिस ने राहत व बचाव कार्य आरंभ कर दिए और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, सांसद सिकंदर कुमार, विधायक दलीप ठाकुर और गोपालपुर के पूर्व विधायक रंगीला राम राव ने इस बस दुर्घटना पर गहरा दुख जताया है और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की है।

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने बिलासपुर स्थित एम्स पहुंचकर घायलों का कुशलक्षेम भी पूछा। अग्निहोत्री ने बाद में दुर्घटना स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इस दुर्घटना की मैजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं।

<u>सिकंदर कुमार</u>

केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि मंडी से पंडोह के बीच 21 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क पर काम शुरू हो गया है और इसे मौजूदा वर्ष में ही 15 अगस्त तक पूरा कर लिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। गडकरी ने आज राज्यसभा में सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार के एक सवाल के जवाब में ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसमें से 3 किलोमीटर सड़क को डी–स्कोप कर दिया गया है, क्योंकि इसमें पहाड़ की कटिंग काफी अधिक होनी थी। गडकरी ने यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी भी दी।

<u>कर्मचारी</u>

हिमाचल पथ परिवहन निगम चालक व परिचालक यूनियन और निगम प्रबंधन के बीच आज शिमला में हुई वार्ता बेनतीजा रही। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर ने कहा कि कर्मचारियों की लंबित देनदारियों के भुगतान के लिए प्रबंधन फिलहाल राजी नहीं है, ऐसे में यूनियन ने पहली अगस्त से वर्क टू रूल के तहत केवल 8 घंटे काम करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि यदि उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से 31 जुलाई से पहले कोई बातचीत होती है और समाधान निकलता है, तभी फैसले पर पुनर्विचार किया जाएगा।

<u>मुख्य समाचार एक बार फिर''</u>

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा– हिमाचल में आपदा प्रभावितों को राहत व पुनर्वास कार्यों में नहीं होगी धन की कमी।
- प्रदेश में बादल फटने की घटनाओं के अध्ययन के लिए गठित केंद्रीय टीम ने शिमला में राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ किया मंथन।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा– सरकार नशा निवारण के प्रति दिखाए और अधिक गंभीरता।
- मंडी ज़िला के सरकाघाट उपमंडल के तारंगल में राज्य पथ परिवहन निगम की बस दुर्घटना में 8 की मौत, 21 घायल।
- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा– मंडी–पंडोह फोरलेन सड़क का काम इसी वर्ष 15 अगस्त तक होगा पूरा।

...............................................................................................................................................